ऑनलाइन हो सकती है शराब की बिक्री

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: राजस्व की कमी से जूझ रही दिल्ली सरकार 27 अप्रैल के बाद शराब की ऑनलाइन बिक्री कर सकती है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल कोई फैसला नही हुआ है, लेकिन सरकार के स्तर पर इस बारे में गंभीरता से विचार हो रहा है। दरअसल शराब के कारोबार से जुड़े संगठनों ने इस बारे में सरकार के पास प्रस्ताव भेजा था। जिस पर सरकार ने आबकारी विभाग से सुझाव मांगे हैं। सरकार को कारोबारियों ने बताया है कि कोरोना का असर अभी जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है।

उधर, इंडियन अल्कोहलिक कन्फेडरेशन ऑफ बेवरेज कंपनीज के महासचिव विनोद गिरी ने कहा कि जब से लॉकडाउन लागू हुआ है सभी कारोबार ठप हैं। हम लाइसेंस की फीस कहां से लाएंगे। इसलिए इसे माफ किया जाए।